MESSAGE FROM LOK SABHA

The Protection of Interests in Aircraft Objects Bill, 2025

THE VICE-CHAIRMAN (MS. INDU BALA GOSWAMI): Message from Lok Sabha, Secretary-General.

SECRETARY-GENERAL: Madam, with your kind permission, I rise to report that the Lok Sabha, at its sitting held on 3rd April, 2025, has agreed, without any amendment, to the Protection of Interests in Aircraft Objects Bill, 2025, which was passed by Rajya Sabha at its sitting held on 1st April, 2025.

GOVERNMENT BILLS - *Contd.*

I. The Waqf (Amendment) Bill, 2025
and
II. The Mussalman Wakf (Repeal) Bill, 2025.

उपसभाध्यक्ष (सुश्री इंदु बाला गोस्वामी): माननीय सदस्या डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेश (कर्नाटक): माननीय गृह मंत्री जी बैठे हुए हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (सुश्री इंदु बाला गोस्वामी): नहीं, नहीं, कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा। ...(**व्यवधान**)... डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी। ...(**व्यवधान**)...

डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी (महाराष्ट्र): महोदया, मैं आज यहाँ वक्फ संशोधन विधेयक पर अनुमोदन देने के लिए खड़ी हूँ। आपने मुझे इस विषय पर बात रखने का मौका दिया, इसलिए मैं आपको धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। ...(**व्यवधान**)...

गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह): जयराम जी, मणिपुर बड़ा महत्वपूर्ण प्रश्न है। आप कह रहे हो कि काहे को देर कर रहे हो, लेकिन मैं कह रहा हूँ कि एक दिन देर रात तक जगो न। मणिपुर के लिए एक दिन देर रात तक जगना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (सुश्री इंदु बाला गोस्वामी): मेधा जी, कृपया आप बोलिए।